तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 5 जुलाई 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 खाद-बीज की कमी और महंगाई के विरोध में उतरी...

12 खाद-बीज की समस्या को लेकर कांग्रेस ने बोला हल्ला


### सिंगपुर रेंज अंतर्गत कक्ष क्रमांक 17, 18 में शेर के पद चिन्ह मिले

## मगरलोड क्षेत्र में शेर की दहाड़, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

विकासखंड मगरलोड की आधी आबादी घने जंगलों से घिरी हुई है। उत्तर सिंगपुर रेंज अंतर्गत कक्ष क्रमांक 17, 18 में शेर के पद चिन्ह की पुष्टि हो गई है। क्षेत्र में शेर की आमद होने की जानकारी से लोगों में दहशत का माहौल है। पद चिन्ह मिलने के आसपास 10 कैमरा लगाकर निगरानी की जा रही है। मगरलोड क्षेत्र के उत्तर सिंगपुर रेंज मगरलोड पठार, मारागांव, मोहेरा सभी रेंज के अधिकारी-कर्मचारी शेर के पद चिन्ह की पहचान में जुटे हुए हैं।



वन परिक्षेत्र मोहदी रेंजर पंचराम साहू ने बताया कि मगरलोड वन डिपो से महज 10 किलोमीटर समीप ग्राम पंचायत पठार के आश्रित ग्राम सोनारिन दैहान के चरवाहा ने दो दिन पूर्व शेर को देखा है। आसपास के गांव में लोगों को अलर्ट कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा दर्जनों कैमरा लगाकर लगातार निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन एवं संयुक्त वनमण्डलाधिकारी टीम ने गिधोल नाला पर बने अर्दन डेम का निरीक्षण एवं ड्रोन से बाघ विचरण क्षेत्र का सर्वे किया।

### शेर का वीडियो वायरल फेक

मोहंदी रेंजर पंचराम साहू ने बताया कि इन दिनों सोशल मीडिया में नाले में बैठे शेर का वीडियो दिख रहा है। यह वीडियो बाहर का है जो काफी पुराना है। फेक न्यूज वीडियो से घबराने की आवश्यकता नहीं है।



## कचरा रिक्शा खरीदी की स्वीकृति और टेंडर कांग्रेस शासनकाल का : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी






नगर निगम के महापौर रामू रोहरा ने कचरा रिक्शा खरीदी के मामले पर कहा कि कचरा रिक्शा खरीदी की स्वीकृति और टेंडर कांग्रेस शासनकाल का है। उस समय राज्य और निगम में कांग्रेस की सरकार थी। 4 जुलाई 2024 को स्वीकृति हुई है और 20 दिसंबर 2024 को टेंडर हुआ है। अब कांग्रेसी भ्रष्टाचार का आरोप हम पर लगा रहे हैं।

श्री रोहरा ने कहा कि सामान खरीदी और गुणवत्ता को लेकर आरईएस विभाग द्वारा जांच कराने के बाद कार्रवाई प्रारंभ करेंगे। भ्रष्टाचार कांग्रेस के लोग करते आ रहे हैं और आरोप भाजपा सरकार लगाते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नल जल कनेक्शन के लिए 82 लाख रूपए का बिल बनाया गया था, जिसे हमने जांच के बाद 35 लाख रूपए भुगतान करने का निर्देश जारी करवाया। इस मामले में हमने 47 लाख रूपए की बचत करवाई है। यह एक गंभीर मामला था। निगम का 47 लाख रूपए बचत करने वाली भाजपा सरकार ने कभी घोटाला, भ्रष्टाचार में साथ नहीं दिया।

भाजपा जनता की हितैषी सरकार है। साफ और स्वच्छ शासन चलाकर हमेशा लोक कल्याणकारी कार्य कराने में अग्रणी रही है। भाजपा सरकार ने घोटालेबाजे, भ्रष्टाचारियों का कभी साथ नहीं दिया। हमेशा जनता के हित में कार्य किया है। रिक्शा खरीदी में कहां भ्रष्टाचार हुआ है, जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों को नहीं बख्शा जाएगा।

### स्टेट से सेंशन होकर आया है : आयुक्त

निगम कमिश्नर प्रिया गोयल ने बताया कि रिक्शा खरीदी का मामला स्टेट लेवल का है, स्टेट से ही सेंशन हुआ है। रिक्शा की खरीदी 21/8/24 में हुई थी। उस समय राज्य और निगम में कांग्रेस की ही सरकार रही है। हमने तो सिर्फ फालो किया है।



### रिक्शा निम्न क्वालिटी का : कांग्रेसी पार्षद

निगम के नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उपनेता विशु देवांगन, पार्षद योगेश लाल, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम आदि ने कहा कि 80 नग रिक्शा खरीदी में भ्रष्टाचार हुआ है, जिसे 20 लाख खर्च कर दो महीने पहले खरीदा गया है। प्रति रिक्शा की कीमत 25 हजार है। रिक्शा के पार्ट्स काफी कमजोर है। सफाई मित्रों ने भी इसे संचालित करने में मना कर दिया है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## कोटाभर्री के जंगल में सिंगल हाथी का विचरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर से करीब 10 किमी दूर ग्राम कोटाभर्री के जंगल में मखना हाथी को वन विभाग ने ट्रेस किया है। शुक्रवार की शाम 7 बजे इसका लोकेशन बरारी पंचायत के ग्राम कोटाभर्री था। हाथी का मूवमेंट गंगरेल, मरादेव, फुटहामुड़ा, रामपुर, लसुनवाही, सियादेही, मुड़पार, शकरवारा, भोयना, बरारी में हो सकता है।

डिप्टी रेंजर राकेशकुमार तिवारी ने बताया कि सिंगल हाथी की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जा रही है। धमतरी परिक्षेत्र के मथुराडीह परिसर अंतर्गत शुक्रवार शाम को हाथी का कटेंट लोकेशन कोटाभर्री खार के ऊपर आरएफ 167 में पीएफ 169 एवं आरएफ से लगे वन क्षेत्र में था। वन अधिकारी-कर्मचारी हाथी पर लगातार निगरानी रखे हुए हैं। हाथी के मूवमेंट वाले क्षेत्र के दर्जनभर गांव में मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट किया गया है। ज्ञात हो कि गत दिनों इस हाथी ने ग्राम लीलर में एक युवक पर हमला किया जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से हाथी विचरण वाले गांवों में दहशत बनी हुई है।

## मताई के दौरान ट्रैक्टर खेत में पलटा, चालक की मौत

**धमतरी**। खेत की मताई करते समय अचानक ट्रैक्टर का इंजन पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार पुरूर थाना क्षेत्र के ग्राम चन्दनबिरही में राइस मिल के पास स्थित खेत में रोपा लगाने के लिए ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 05-जी-4501 गया हुआ था। ट्रैक्टर सोरिद धमतरी निवासी तोरण साहू उम्र 28 वर्ष चला रहा था। चालक ट्रैक्टर इंजन को खेत में उतार मताई कर रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर खेत में फंस गया। चालक ने ट्रैक्टर को निकालने का काफी प्रयास किया गया लेकिन नहीं निकला। आखिर में ट्रैक्टर के पहिये में फंसे केजव्हील में बल्ली फंसाकर एक्सीलेटर दिया। इसी दौरान ट्रैक्टर खेत में उल्टा पलट गया। उसके चारों पहिये ऊपर हो गए। ट्रैक्टर के पलटने से चालक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुरूर पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुरूर मर्च्यूरी भेज दिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।





ग्राम चन्दनबिरही की घटना

## आज निकलेगी प्रकृति वंदन साइकिल यात्रा

**धमतरी**। विवेकानंद यूथ सर्किल एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा आज साइकिल यात्रा विंध्यवासिनी माता मंदिर से निकाली जायेगी। इस यात्रा को समाजसेवी श्याम अग्रवाल द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी। साइकिल यात्रा दोपहर 12 बजे शहर के मां विंध्यवासिनी मंदिर से प्रारंभ होकर घड़ी चौक, अर्जुनी चौक, संबलपुर, जरही माता मंदिर सांकरा, छाती, डांडेसरा, कुरुद, उमरदा, गाड़ाडीह होकर मेघा पहुंचेगी। 6 जुलाई की सुबह 8 बजे मेघा से प्रस्थान करेगी जो परसवानी, भरदा, मगरलोड, भैंसमुंडी, लुगे, छिपली, मोहंदी, राजपुर, सरगी, सोनेवारा, पहंदा, भोथा, बोरसी, साल्हेभाट, छुही, सलोनी, भंवरमरा, लीलर, पथर्रीडीह होते हुए दोपहर 3 बजे तक कुकरेल पहुंचेगी, जहां यात्रा का समापन होगा।



## खबर संक्षेप




### कांकेर के दो शिक्षकों ने कुल्लू मनाली एडवेंचर में लिया हिस्सा

**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय स्काउट एवं गाइड प्राकृतिक अध्ययन आपदा प्रबंधन हाइक एडवेंचर गत 24 जून से 2 जुलाई तक दिल्ली, कुल्लू मनाली, शिमला एवं चंडीगढ़ में आयोजित किया गया । इस हाइक एवं एडवेंचर शिविर में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों सहित कांकेर के दो स्काउट शिक्षक संजय कुमार जुर्री शाउमा विद्यालय तालाबेडा अंतागढ़ एवं उमेश कुमार शाउमा विद्यालय बारवी प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित होकर कांकेर ज़िले का प्रतिनिधित्व किया।

### इलाज के दौरान अधेड़ की मौत विवेचना जारी

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत 56 वर्षीय हरिराम नरेटी का इलाज के दौरान 5 जून को जिला अस्पताल में मौत हो गई। थाना कांकेर में शून्य पर कायम कर मर्ग डायरी नरहरपुर थाना पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नदी पार करती महिला की डूबने से मौत



**दुर्गूकोंदल।** क्षेत्र में लगातार तीन-चार दिनों से बारिश के चलते नदी नाला में बाढ़ आने के कारण थाना सिकसोड़ के कड़मे निवासी 55 वर्षीय मुरही बाई पति चैतराम 3 बजे अपनी बेटी के घर ग्राम कतरू कुरूषबोड़ी थाना दुर्गूकोंदल भंगाराम नदी कुरुषबोड़ी को पार कर आ रही थी। नदी में बाढ़ अधिक होने के कारण पानी में डूबने से मौत हो गई। पति चैतराम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया। घटना थाना क्षेत्र दुर्गूकोंदल का मामला है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद यादव ने घटना की पुष्टि किया है।

### विद्यार्थियों व जनप्रतिनिधियों का सम्मान होगा आज

**दुर्गुकोंदल।** अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई दुर्गुकोंदल एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के तात्वधान में व युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मन्तु पवार, महासचिव श्याम सिंह तारम उपस्थित होंगे।

---

मेघा महानदी सेतु निर्माण ठेकेदार की मनमानी से राहगीर परेशान

# एप्रोच मार्ग पर राहगीरों की जान जोखिम में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

मेघा महानदी में नए सेतु का निर्माण 46 करोड़ 97 लाख 67000 की लागत से किया जा रहा है। आवागमन को सुव्यवस्थित बनाने तथा राहगीर को सुविधा प्रदान करने एप्रोच मार्ग का निर्माण किया गया है। पुराने जर्जर पुल के नीचे काम चलाऊ मार्ग बनाया गया है। मार्ग में 1 से 2 फीट गहरा गड्ढा बन गया है जहां पानी भरा हुआ है ।

मेघा महानदी मार्ग व्यस्तम मार्ग है। मार्ग में सुबह से देर रात्रि तक हजारों राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है। यह गरियाबंद, महासमुंद, नगरी, सिहावा उड़ीसा, नयापारा राजिम को कुरूद, धमतरी, रायपुर, कांकेर, बस्तर , राजनांदगांव से जोड़ने वाला मार्ग है। गुणवत्ताविहीन घटिया एप्रोच मार्ग बनाने से राहगीरों की जान जोखिम भरा है। कीचड़ युक्त मार्ग में यात्री चलने मजबूर हैं।



#### जर्जर पुल से अनहोनी की संभावना



मेघा महानदी पुल अति जर्जर हो चुका है। पुल के पिलर में दरार पड़ने से पुल 5 से 6 फीट दब गया है। पुल का ऊपरी भाग कभी भी भर-भराकर गिर सकता है। इसी जर्जर पुल के समीप नीचे एप्रोच मार्ग बना है जिससे हजारों राहगीरों का आना-जाना लगातार हो रहा है। हर पल अनहोनी की संभावना बनी हुई है।

#### खानापूर्ति करने बना दी मिट्टी की सड़क

मेघा महानदी सेतु निर्माण के ठेकेदार ने शासन-प्रशासन के समक्ष खानापूर्ति करने कच्ची मिट्टी की सड़क बनाई है। मिट्टी के ऊपर मुरूम नहीं डाली गई है। सड़क कीचड़ से सराबोर है, जो राहगीर के चलने लायक नहीं है। लोगों को चलने में काफी परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी ठेकेदार जनता की आवाज को नजर अंदाज कर मौन है।

#### गड्ढे में 2 फीट पानी भरा

महानदी सेतु निर्माण के समीप पुराने पुल के नीचे स्लैब को काला पीला कर मार्ग बनाया गया है। स्लैब टूटने से ही पुल के पिलर में दरार आ गई है जिससे पुल 5 से 6 फीट नीचे दब गया है। इस टूटे हुए स्लैब के ऊपर से राहगीरों को आना-जाना पड़ रहा है। मार्ग में हुए गहरे गड्ढे में 2 फीट पानी भरा हुआ है। अत्यंत जर्जर मार्ग में लोगों को चलने की मजबूरी हो गई है।

#### प्रशासन को गुमराह करने रखा मुरूम का ढेर



एप्रोच मार्ग में जगह-जगह गहरा गड्ढा हो गया है। कीचड़ से सराबोर, पानी भरे मार्ग में राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं। ठेकेदार ने प्रशासन को गुमराह करने दो से तीन जगह मुरूम का ढेर रखा है। मुरूम शोपीस बनकर रह गई है। एप्रोच मार्ग मरम्मत की अति आवश्यकता है परंतु ठेकेदार मुरूम डालना जरूरी नहीं समझ रहा है।

---

### जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

---

# सरई बोड़ा 600 रुपए किलो में बिका

- जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू, लोग हाथोंहाथ खरीद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

बारिश प्रारंभ होते ही जंगल से सरई बोड़ा की आवक शुरू हो गई है। शुक्रवार को मगरलोड बस स्टैड के पास 600 रूपए किलो में बिका। महंगी सब्जियों की बात करें तो सरई बोड़ा का नाम शायद सबसे ऊपर आएगा। साल में महज डेढ़ ही महीने मिलने वाला बोड़ा अब उत्तर सिंगपुर के जंगलों में पैदा होने लगा है। गावों में 300 रुपये तो आसपास के शहरों में करीब 600 रुपये में मिल रहा है।



छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अपने साल के जंगलों के लिए जाना जाता है। अतीत में यहां के जंगल से अंग्रेज साल के स्लीपर की सप्लाई पूरे एशिया में किया करते थे। धमतरी के इन्हीं साल के जंगलो में मिलता है सरई बोड़ा। साल को छत्तीसगढ़ में सरई कहा जाता है जबकि बोड़ा स्थानीय आदिवासियों का दिया हुआ नाम है। यह खोज भी आदिवासियों की ही है। वनोपज पर निर्भरता के कारण वनवासी यहां पैदा होने वाले हर खाद्य पदार्थ के बारे में जानते हैं। बोड़ा भी उन्हीं में से एक है। बोड़ा दरअसल एक फंगस है। वैज्ञानिकों ने इसका बॉटिनिकल नाम शोरिया रोबुस्टा रखा है। इसे छत्तीसगढ़ का काला सोना भी कहा जाता है।

# कुरूद पुलिस रोजाना करेगी पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

एसडीओपी रागिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में कुरूद नगर में पुलिस ने अपराध रोकने को लेकर और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की खातिर थाना प्रभारी राजेश जगत की अगुवाई में कुरूद पुलिस ने पैदल मार्च किया। इस दौरान उन्होंने व्यापारियों से प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने पर जोर दिया। उन्होंने शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासन का सहयोग करने का भी आह्वान किया।

कुरूद नगर में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने की खातिर कुरूद थाना प्रभारी राजेश जगत के नेतृतव में कुरूद पुलिस ने 1 जुलाई से रोजाना नगर में पैदल मार्च शुरु किया है। थाना चौक, पुराना बाजार सरोजिनी चौक, कारगिल चौक, खेल मैदान, छोटा नहर, इंदिरा नगर, कचहरी चौक सहित नगर भर में मार्च पास्ट किया। पैदल मार्च के दौरान टीआई श्री जगत ने व्यापारियों से अपनी सुरक्षा व अपराधों की रोकथाम के लिए प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की। इस अवसर पर एएसआई सुरेश नन्द प्रधान आरक्षक रामसेवक बम्बोड़े, गोपाल चंद्राकर, संतोष साहू, अश्वनी कुमार आदि शामिल रहे।



# महिलाओं को राशन कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधायक अजय चंद्राकर के मंशा के अनुरूप खाद्यान्न सुरक्षा योजना के तहत अन्नपूर्णा योजना एवं विभिन्न प्रकार के राशनकार्डधारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है।

हितग्राहियों चुनेश्वरी यादव चोवाराम, भारती साहू तुलसी राम साहू, यामिनी युवराज साहू, रोशनी साहू दशरू राम साहू, लीला देवी सोनी देवीलाल, उमेश्वरी साहू



देवनारायण, रूक्मणि बाई पटेल भागवत, मीनाक्षी साहू धन्वंतरि राम साहू, प्रेमलता ठाकुर केदार सिंह ठाकुर, खिलेश्वरी ध्रुव गुरुचरण ध्रुव, संतोषी साहू दुमेश्वर साहू, मेनका साहू हरीश कुमार साहू, प्रभा मानिकपुरी परमेश्वर दास, सुमित्रा बाई मंगलू, तारा साहू गौरीशंकर, हीराबाई साहू ऋषि कुमार, शालिनी राहुल यादव को राशन कार्ड का वितरण किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, भूपेश्वरी चंदेल, कर्मचारी चोवा ढीढी सहित हितग्राही महिलाएं उपस्थित थीं।

# विद्यार्थियों को पुस्तकें व गणवेश वितरित

- बिरझुली में हुआ संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली में संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नवप्रवेशित बच्चों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों को पुस्तकें व गणवेश वितरित की गई।

बोर्ड कक्षाओं में प्रथम आने वाले बच्चों को प्रतीक चिन्ह व पेन देकर सम्मानित किया गया। संकुल के शिक्षक भोलाराम सिन्हा शा.प्रा.शा. कमारिनमुड़ा, चन्द्रहास सिन्हा



प्रधानपाठक शा.प्रा.शा. बोदलबाहरा, लोमस साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरझुली, शिक्षिका दयाबती काशी शा. पूर्व मा. शाला बिरझुली को शाला में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीकाराम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत थे। अध्यक्षता विरेंद्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड ने की। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत, खिलेश साहू, कृष्णकुमार ध्रुव, पुष्पलता सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा, रोहित मोहन साहू, विजय यदु, शत्रुहन साहू, शुभम यदु, रामायण सिन्हा, पेमिन ध्रुव, माखन साहू, विष्णु सिन्हा, लोकनाथ सिन्हा थे। प्राचार्य व्हीके अग्रवाल ने हर वर्ष बोर्ड कक्षाओं में अच्छा परीक्षा परिणाम आने की जानकारी दी। इस अवसर पर संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## डॉक्टर डे पर गुरुदयाल हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर डा. गुरुदयाल साहू (आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी) शासकीय आयुर्वेद औषधालय बारना का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सरपंच दीपक पटेल, सुभाष सोनवानी, डा. खिलेश साहू, तीरथलाल कुर्रे, डोमनलाल साहू, संतोष निषाद एवं शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बारना की प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू, शिक्षकगण श्रीमती, उमा ठाकुर, श्रीमती पूनम हिरानी, अरुणा तिर्की, कांति प्रभा, विनय पटेल, अमित कुमार खरे, रोशन साहू उपस्थित थे।




## प्रधानपाठक को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक शाला भाठापारा बेलर के प्रधानपाठक सूरज बैस को शाला परिवार व शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व ग्रामवासियों द्वारा सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। सेवानिवृत्त प्रधानपाठक सूरज बैस को स्मृति चिन्ह, शाल, श्रीफल, पेन, डायरी, छाता, शूट व सफर बैग भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती दामिनी चेलक, अशोक ध्रुव, अंजलि नेताम, टम्मन कुर्रे, केके देवांगन शिक्षक, रामगुलाल यादव, भूपेंद्र साहू, मिथिलेश साहू, पवन साहू, मुकेश साहू, रितु भारती, कौशल्या पाल, ललित साहू, गीता साहू, डोमेश्वर साहू, पंच अनसुईया यादव, रुक्मणि पाल व छात्र-छात्राएं सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ा जनाक्रोश, दिख रहीं सरिया



# ग्राम गट्टासिल्ली का आमनाला पुल बना दुर्घटना का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सिहावा-नगरी-बोराई मार्ग पर स्थित गट्टासिल्ली का आमनाला पुल अब जानलेवा होता जा रहा है। पुल की अत्यधिक जर्जर स्थिति, जगह-जगह उखड़ी हुई सतह और गहरे गड्ढों ने राहगीरों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर दिया है। बारिश के दिनों में पानी भरने से गड्ढे नजर नहीं आते और दोपहिया वाहन चालक अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अब तक तीन से अधिक गंभीर हादसे इसी पुल पर हो चुके हैं।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पुल के निर्माण के दौरान बने जॉइंट अब उखड़ चुके हैं और लोहे की सरिया बाहर आ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। बावजूद इसके न तो संबंधित विभाग और न ही जनप्रतिनिधियों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक इसी गांव की रहने वाली हैं। इसके बावजूद अब तक कोई कार्य योजना, मरम्मत अथवा वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। आमनाला पुल पर न तो चेतावनी बोर्ड लगा है और न ही बैरिकेडिंग, न ही कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था। विधायक अंबिका मरकाम ने बताया कि उन्होंने पुल की मरम्मत की मांग को विधानसभा में उठाया है और संबंधित विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि कार्य की स्वीकृति शासन को भेज दी गई है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी। परंतु यह प्रक्रिया कब पूरी होगी, इसका उत्तर स्पष्ट नहीं है।

ग्रामीणों की मांग है कि शासन-प्रशासन इस गंभीर विषय पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुल की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता में ले, अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित जनप्रतिनिधियों की होगी।

# कातलबोड़ स्कूल में हुई मानस संगोष्ठी



- प्रधानपाठक महेंद्र कुमार के 61वें जन्म दिवस पर हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कातलबोड़ के प्रधानपाठक महेंद्र कुमार साहू के 61वें जन्म दिवस पर मानस गोष्ठी का आयोजन शाला प्रांगण में रखा गया। अर्जुनपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जिला राज मानस संघ धमतरी, लोकेश्वर सिन्हा अध्यक्ष मानस शक्ति केंद्र खैरा, योगेश्वर साहू सलाहकार राज मानस संघ धमतरी की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पाठशाला में मानस गोष्ठी आयोजन की सोच राजमानस संघ के सलाहकार चम्पालाल साहू की थी। इस नवीन पहल से बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा का संचार हुआ। धर्म, संस्कृति की समझ विकसित हुई। मानस पठन-पाठन के प्रति बच्चों में रुचि पैदा हुई।

**न्यायालय तहसीलदार भखारा के न्यायालय में**
**मामला क्रमांक : 202507132300007/.**
विषय :-अ-74 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन्न :-2024-2025
कोलियारी प.ह.नं. 00007 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार - होरी लाल,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक होरीलाल पिता हगरू राम साहू जाति तेली निवासी कोलियारी पटवारी हल्का नं. 07 तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक की पत्नी शिवकुमार पति होरीलाल साहू के नाम पर बैंक आफ बड़ौदा ब्रांच सेमरा भखारा में खाता क्रमांक 87590100008430 संचालित है जिसमें राशि जमा है । खाताधारक की मृत्यु दिनांक 26/4/2023 को हो चुकी है । मृतक खाताधारण के विधिक वारिसान पुत्र राकेश साहू नितिश कुमार पुत्री धनेश्वरी पति होरीलाल होना बताया है। उसके अतिरिक्त और कोई विधिक वारिसान नहीं है। आवेदक मृतक के खाते में जमा राशि को आहरण करने हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र की मांग बाबत आवेदन पत्र शपथ पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र आधार कार्ड की प्रति पेश किया है ।

आवेदक के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/7/2025 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2025 को जारी किया जाता है।

BHUPESH KUMAR CHANDRAKAR
**तहसीलदार, भखारा**

## खबर संक्षेप



### कृषि स्थायी समिति की बैठक सम्पन्न

**कांकेर।** कृषि स्थायी समिति की बैठक उप संचालक कृषि के सभाकक्ष में सभापति दिपंकर राय की अध्यक्षता में एजेण्डावार कृषि विभाग के रबी 2024-25 एवं खरीफ 2025 क्षेत्राच्छादन, बीज-खाद वितरण, फसल प्रदर्शन, बीज उत्पादन कार्यक्रम एवं संचालित केन्द्र प्रवर्तित एवं राज्य पोषित विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। इसके अलावा बैठक में उद्यान, मछलीपालन, पशुपालन, क्रेडा, बीज प्रक्रिया केन्द्र, जिला विपणन, प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं विद्युत विभाग के संचालित योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष ताराबती ठाकुर, उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार कोमरा सहित कृषि स्थायी समिति के सदस्य एवं संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अस्पताल पहुंचने से पहले युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए युवक का अस्पताल पहुंचने से पहले मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने पुलिस को बताया कि मृतक 32 वर्षीय उमेंद्र निषाद सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए 3 जुलाई को अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### स्वास्थ्य विभाग की अन्तर्विभागीय समन्वय की बैठक 8 को

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय की बैठक 08 जुलाई मंगलवार को समय-सीमा की बैठक उपरांत की जाएगी। उक्त बैठक में फ्लोरोसिस अधिकता वाले पेयजल स्त्रोतों का निराकरण, स्कूली बच्चों सहित समुदाय में फ्लोरोसिस के लिए जांच एवं निगरानी, पंचायत स्तर पर फ्लोरोसिस अधिकता से होने वाले बीमारियों की पहचान एवं प्रबंधन आदि बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया है।

### भारी मात्रा में देशी महुआ शराब और महुआ जब्त, हुई कार्रवाई

**कांकेर।** गोण्डहुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए हाथ भट्टी से बने 35 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 4 हजार 900 रूपएं के साथ ग्रामीण को पकड़ा और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

बेलरगांव में धरना-प्रदर्शन कर भाजपा सरकार को कोसा

# खाद-बीज की कमी और महंगाई के विरोध में उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सिहावा विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम के मार्गदर्शन और ब्लॉक प्रभारी पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बेलरगांव में किसानों की खाद-बीज की कमी, बढ़ती महंगाई और भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि शासन की लापरवाही के कारण आज किसानों को खाद-बीज की किल्लतों का सामना करना पड़ रहा है। खाद की कीमतें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे किसान संकट में हैं। ब्लॉक प्रभारी, पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू ने



कहा कि भाजपा शासन में किसान सबसे अधिक पीड़ित हैं। खाद-बीज की कमी और महंगाई ने कृषि कार्य को बुरी तरह प्रभावित किया है। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ हैं और उनके हक के लिए निरंतर संघर्ष करेगी। विधायक अंबिका मरकाम ने कहा कि अन्नदाता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस मजबूती से खड़ी है। भाजपा सरकार की नाकामी का खामियाजा आज किसान भुगत रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलरगांव के अध्यक्ष कैलाश नाथ प्रजापति ने कहा कि कांग्रेस किसानों की आवाज़ को सड़क से सदन तक पहुंचाती रहेगी और उनकी समस्याओं के निराकरण तक संघर्ष जारी रहेगा। भाजपा सरकार से मांग की कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज तत्काल उपलब्ध कराया जाए। वितरण में पारदर्शिता लाई जाए और बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाया जाए।

मौके पर जनपद सदस्य नंदनी साहू, प्रमोद कुंजाम, सोनराज वट्टी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, वेदराम साहू, अख्तर खान, सुरेश, राजेंद्र ठाकुर, अयूब खान, मयंक ध्रुव, प्रियांशु प्रजापति, अरविंद यादव, रोशन साहू, गोलू देवांगन, फलेन्द्र माण्डवी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सार्थक स्कूल के 21 विशेष बच्चों ने राज्य स्तरीय स्पेशल ओलंपिक में दिखाया कौशल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता आनंद पब्लिक स्कूल मालकोन्हा रोड डौंडी लोहारा जिला बालोद में हुई। इस प्रतियोगिता में 25 जिलों से आए विशेष बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभाओं का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

सार्थक स्कूल की दिशा गौतम ने बोच्ची गेम में अंडर 17 वर्ग में प्रथम स्थान अर्जित किया। अब वह नेशनल स्पेशल ओलंपिक प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। विनीत बघेल ने फुटबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्यांग बच्चों के विशिष्ट सेवा कार्यों के लिए सार्थक की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी एवं सचिव स्नेहा राठौड़ तथा विशिष्ट सहयोग के लिए सुभाष मलिक को स्मृति चिन्ह एवं पौधा भेंटकर सम्मानित किया गया।

सार्थक स्कूल के 21 बच्चों सत्यांशु, इशु, नेमेश, एकलव्य, भारती, मनीष, देवश्री, प्रीति, बेबी, प्राची, लिकेश, यज्ञदत्त, कुलदीप, मनीषा, वत्सला, आकाश, अर्जुन, प्रतीक, निखिल ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अवसर पर श्रीमती दोशी ने कहा कि सार्थक के विशेष बच्चों की इस उपलब्धि में डॉ. प्रमोद तिवारी और रवि जैन का सहयोग अमूल्य रहा। बच्चों को डौंडी लोहारा ले जाकर खेल में हौसला अफज़ाई के लिए सार्थक सचिव स्नेहा राठौड़, सुभाष मलिक, प्रशिक्षक मुकेश चौधरी, देविका दीवान, काजल रजक का योगदान उल्लेखनीय रहा। सार्थक संस्था के संरक्षक डॉक्टर एके रावत, गोपाल शर्मा, मदनमोहन खंडेलवाल, संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती प्रभा रावत, अशोक खंडेलवाल, लक्ष्मण हिंदूजा, जयंती लुंकड़, हरख जैन, गजानंद साहू, अनु नंदा, वर्षा खंडेलवाल, पायल खंडेलवाल, हरीश सोनी, रोशनी सोनी ने हर्ष जताया है।

## हैंडपंपों एवं पावरपंपों में क्लोरीन एवं हाइपोक्लोराइट का घोल डाला गया



**धमतरी।** बारिश में जलजनित बीमारियों जैसे डायरिया, हैजा, टाइफाइड आदि की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्र में जल स्त्रोतों का क्लोरीनीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम द्वारा हैंडपंपों एवं पावर पंपों में क्लोरीन एवं हाइपोक्लोराइट का घोल डाला गया। बांसपारा, मराठापारा, आमापारा, महंत घासी दास, साल्हेवारपारा वार्ड में यह कार्य पूर्ण किया गया। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में यह कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है ताकि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

## छाती में हिंदू जागरण मंच का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

ग्राम छाती में हिन्दू जागरण मंच का विस्तार हुआ। मंच के जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद ने कहा कि समाज से भेदभाव समाप्त कर हिन्दू समाज की रक्षा के लिए हमें एकजुट होना होगा। कहीं भी सनातन पर प्रहार हो तो युवाओं को आगे आकर अपनी जात-पात , संघ संगठन से ऊपर उठकर समाज हित में कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सहसेवा प्रमुख मोहनलाल साहू ने युवाओं से कहा कि पंच परिवर्तन, देश और समाज हित में सभी समाज को मिलकर कार्य करना चाहिए। प्रत्येक घर में एक फलदार पौधे लगाना चाहिए। जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश



साहू, जिला युवा आयाम सत्यम सिन्हा, प्रचार आयाम तुषार साहू, नगर आयाम अमरदीप महाजन, हरिशंकर शांडिल्य, रविन्द्र बंजारे, प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, प्रवीण साहू निरंतर युवाओं को हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। धमतरी खंड कार्यकारिणी में राजेंद्र चंद्राकर, सुनील चंद्राकर अपना योगदान कर रहे हैं। छाती ग्रामीण सुरक्षा समिति के संयोजक खिलेश चंद्राकर, सहसंयोजक देवांशु देवांगन, विकास ध्रुव, सदस्य सुरेश चंद्राकर, समीर साहू, निखिल टांडे, उज्ज्वल ध्रुव, चंद्रशेखर साहू, प्रीतम साहू, शुभम यदु, मोनार्क चंद्राकर, प्रमोद चंद्राकर को जिम्मेदारी दी गई।

## शीतला मंदिर परिसर में लगाए फलदार एवं फूलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम थूहा में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, वातावरण को शुद्ध रखने के उद्देश्य से मां शीतला मंदिर के प्रांगण में फलदार एवं फूलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही उसकी सुरक्षा का संकल्प भी लिया गसा। कार्यक्रम में दौवाराम ध्रुव, देवेंद्र कुमार साहू, धर्मेंद्र कुमार चुम्मन साहू, गगन चंद्राकर, दिशांत नेताम, ख़ेमन साहू, रोमलाल साहू, गुरुनारायण, ओमनारायण, गजेंद्र कुमार समेत अन्य सदस्यों का भी



विशेष सहयोग रहा।

छात्रों के साथ की जा रही अभद्रता को लेकर एनएसयूआई ने किया था प्रदर्शन

## वाणिज्य विभाग के एचओडी एडमिशन प्रभारी पद से हटाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पीजी कालेज में लंबे समय से वाणिज्य विभाग के एचओडी द्वारा छात्रों के साथ की जा रही अभद्रता और मनमानी को लेकर बार-बार शिकायतें मिल रही थीं। एनएसयूआई ने इस मुद्दे को पूरी गंभीरता से लेते हुए कॉलेज में प्रदर्शन किया और मांग रखी कि ऐसे व्यवहार करने वाले शिक्षक को न केवल एडमिशन प्रभारी पद से हटाया जाए, बल्कि भविष्य में छात्रों के साथ कोई अनुचित व्यवहार न हो, इसकी गारंटी दी जाए।

प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित



एचओडी को तत्काल प्रभाव से एडमिशन प्रभारी पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया है। उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष राजा देवांगन ने कहा कि एनएसयूआई छात्र हित की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी। प्रदर्शन में तेजप्रताप साहू, नोमेश सिन्हा, नमन बंजारे, लिकेश साहू, उदय साहू, अमन गोस्वामी, गजेंद्र साहू, राहुल साहू, राज देवांगन, मकदूम, सोहेल, आकाश सिन्हा, सुदीप सिन्हा, गब्बर, योगेश साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सिलौटी स्कूल में 32 स्वयंसेवकों को ए सर्टिफिकेट मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ए प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख बी. पदमा राजेश ने की। विशिष्ट अतिथि व्याख्याता अजय कुमार यादव, चम्पेश्वर साहू, संतोष कुमार ध्रुव व युगलकिशोर सेन थे।



प्राचार्य बी पदमा राजेश ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना का संचार करता है और उन्हें सशक्त नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने छात्रों को समाजसेवा को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष कुमार जैन ने पिछले वर्ष की गतिविधि की जानकारी प्रस्तुत की। कुल 32 स्वयंसेवकों को ए सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक कार्यक्रम अधिकारी रानी साहू, नीलम कुमार साहू का योगदान रहा।

## डीएपी की किल्लत, किसान समितियों में बोल रहे हल्ला

- मगरलोड ब्लाक में डीएपी उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मगरलोड क्षेत्र में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर किसान हल्ला बोल रहे हैं। शुक्रवार को कृषि सहकारी साख समितियों ने कलेक्टर को पत्र सौंपकर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

कृषि सहकारी समिति मगरलोड के अध्यक्ष लेखराम साहू, कृषि सहकारी साख समिति भोथीडीह के अध्यक्ष शत्रुघन साहू ने जिलाधीश के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि मगरलोड विखं अंतर्गत 1313 सहकारी समिति तथा 2 ब्रांच कार्यालय है। इसके अंतर्गत सभी



सोसाइटियों में डीएपी खाद की कमी है। खाद की कमी होने से कृषक सहकारी समितियों में हल्ला बोल रहे हैं। स्थिति को देखते हुए सभी सोसाइटी में 300 टन डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है। उन्होंने मगरलोड की सभी समितियों में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।






## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय को युवा सम्मेलन के लिए दिया न्योता

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में रजक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय को आगामी 20 जुलाई को बिलासपुर में होने वाले राज्य स्तरीय युवा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय से समाज के युवाओं के उत्थान एवं कौशल विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा राज्य सरकार द्वारा समाज के कल्याणार्थ किए जा रहे कार्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने रजक समाज की एकजुटता और प्रगति की सराहना करते हुए सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक उपस्थित थे।

### आईएफएस मयंक संयुक्त सचिव सुशासन अभिसरण

**रायपुर।** आईएफएस मयंक अग्रवाल, डीएफओ कोरबा को सामान्य प्रशासन विभाग में प्रतिनियुक्त पर लेते हुए सुशासन एवं अभिसरण विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थ करते हुए चीफ आपरेटिंग ऑफिसर चिप्स का अतिरिक्त प्रभारी सौंपा गया है।

### वनाधिकार क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन विभाग ने अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वनवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों प्रकार के वन संसाधन अधिकारों की मान्यता एवं वितरण में देश के अग्रणी राज्यों में रहते हुए सक्रिय, सकारात्मक और सराहनीय भूमिका निभाई है। अब तक प्रदेश में 4,78,641 व्यक्तिगत अधिकार तथा 4,349 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं, जिससे कुल 20,06,224 हेक्टेयर क्षेत्र पर कानूनी अधिकार प्रदान कर लाखों वनवासी परिवारों को सशक्त बनाया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश की प्रशासनिक प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और सतत विकास के प्रति दृढ़ निष्ठा का प्रत्यक्ष प्रमाण है। वन विभाग द्वारा सीएफआरआर क्रियान्वयन के दौरान मॉड्यूल प्रबंधन योजनाओं और दिशा-निर्देशों के अभाव में फील्ड अधिकारियों को केवल एक परामर्श जारी किया गया था, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सामुदायिक प्रबंधन योजनाएं राष्ट्रीय वर्किंग प्लान कोड, 2023 से वैज्ञानिक रूप से समन्वित हों।

### मैदानी क्षेत्रों में कम बारिश से बोनी प्रभावित, किसान नहीं लगा पाए रोपा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून के आगमन के साथ ही खेती-किसानी का काम जोरों पर शुरू हो गया है। 2 जुलाई तक तक प्रदेश में 170 मिमी से अधिक औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो राज्य की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी का हिस्सा है। बारिश ने किसानों को खेतों में काम शुरू करने के लिए प्रेरित किया है। वहीं कई जिलों में बारिश की गतिविधि में कमी के कारण बुआई तो हुई है पर किसान अब तक रोपा नहीं लगा पाए। अच्छी बारिश होने पर किसान खेतों में पानी भरने पर रोपा का काम शुरू करेंगे। महासमुंद जिले के कई ब्लॉक, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग, रायपुर जिले के कई ब्लॉकों में किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। बताया गया है कि आने वाने दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने के साथ बुआई में भी तेजी आएगी। राज्य शासन की ओर से किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## सहकारी समिति कार्यालय देमार का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# खाद-बीज की समस्या को लेकर ग्रामीण कांग्रेस ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





खाद-बीज की समस्या को लेकर ग्रामीण कांग्रेस ने प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कार्यालय देमार का घेराव कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. लक्ष्मी ध्रुव ने कहा कि छग में किसानों की दशा भूपेश बघेल की सरकार में बेहतर थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में किसानों के हित में कांग्रेस पार्टी ने घोषणापत्र में किए वादे को पूरा किया जिसमे प्रमुख रूप से किसानों का कर्ज माफ, 2500 रु. प्रति क्विंटल धान की खरीदी, राजीव गांधी किसान न्याय योजना अंतर्गत किसानों के खाते में सीधे पैसा डाला जाता था जिससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक रूप से समृद्ध होने का अवसर मिला। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद किसानों की स्थिति फिर से बिगड़ने लगी है। सोसाइटियों में खाद, बीज की कमी के चलते किसान परेशान हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि किसानों को खाद, बीज, बिजली की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने कहा कि किसानों की बुआई का कार्य चल रहा है, जिसके लिए रसायनिक खाद डीएपी, उन्नत बीज की आवश्यकता होती है, लेकिन सहकारी समितियों में खाद बीज नहीं है। पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। प्रदेश में किसानों को सिंचाई के लिए 10 घंटे से कम बिजली दी जा रही है। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा कि साय सरकार किसानों को लगातार प्रताड़ित करने का कार्य कर रही है। धान बुआई के समय किसानों को खाद बीज के लिए तरसाया जा रहा है। धान बेचने के समय अलग-अलग नियम बनाकर परेशान किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव दयाराम साहू व आभार व्यक्त ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने किया। मौके पर पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला महामंत्री आलोक जाधव, आकाश गोलछा, योगेश शर्मा राजा देवांगन, प्रकाश पवार, योगेश मार्कण्डेय, दुर्गेश नंदिनी साहू, योगेश बाबर, राजेंद्र देवांगन, युवराज शर्मा, नीलमणि साहू, दिनेश साहू, अमरदीप साहू, संतोष हिरवानी, रघुवीर रामटेके, विक्रांत पवार, खिलेन्द्र साहू, गौतम वाधवानी, चंद्रहास साहू, स्नेहा देशमुख, वातंजलि गोस्वामी, नमन बंजारे समेत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निगम क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होगी



- महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम की महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति की सभापति विभा चंद्राकर ने की। बैठक में महिला, बालिका, वरिष्ठ नागरिकों एवं विशेष रूप से दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।

विभा चंद्राकर ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें धरातल पर उतारकर हर जरूरतमंद तक पहुंचाना है। विशेषकर आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वच्छ जल, पोषण और सुरक्षा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। नगर निगम इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य कर रहा है।

नगर निगम क्षेत्र की समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जल गुणवत्ता की नियमित जांच एवं आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति पर विशेष बल दिया गया। मई 2025 में प्राप्त कुल 17 आवेदन पर समिति द्वारा गहन विचार किया गया और पात्र हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की अनुशंसा की गई। वृद्धा, विधवा, दिव्यांग एवं सुख सहारा पेंशन के तहत प्राप्त 20 आवेदनों को अनुमोदित कर शीघ्र लाभ भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया। सभापति के निर्देश पर महिला स्वास्थ्य, पोषण, बच्चों की देखभाल, वंचित तबकों के लिए सहायता तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर अन्य निगम अधिकारी, वार्ड प्रतिनिधि, विभागीय कर्मचारी समेत सदस्य आशा लोधी, सतीश पवार, कोमल सार्वा, संजय देवांगन, अनिता अग्रवाल, छोटू वर्मा, उपस्थित थे।

## एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला अस्पताल में डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस अवसर पर निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ टीआर ध्रुव को भावभीनी विदाई दी गई। मंगलवार को जिला अस्पताल में दैनिक चिकित्सकीय कार्यों के बाद ओपीडी भवन में समस्त स्टाफ ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी डाक्टरों का सम्मान किया। सेवानिवृत होने जा रहे एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ टीआर ध्रुव की सेवाओं और सरल व्यक्तित्व की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। अस्पताल से स्थानांतरित होकर अन्यत्र जा रहीं स्टाफ नर्स अनुराधा मेश्राम और लैब टेक्नीशियन अर्चना साहू को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉक्टर कौशिक, सिविल सर्जन डॉ अरुण टोंडर, वरिष्ठ डॉक्टर जेएस खालसा, डॉ एस वानखेड़े, डॉक्टर नसीम, डॉ आभा हिषीकर समेत चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ राकेश सोनी ने किया।

## 8 साल में भी कम्पलीट नहीं हुए एएचपी पीएम आवास, 300 गरीब परिवारों की आस टूटी

- 14 करोड़ की लागत से महिमासागर वार्ड में बनाया जा रहा बहुमंजिला पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के महिमासागर वार्ड में बहुमंजिला प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 8 साल से निर्माण कार्य चल रहा है फिर भी कम्पलीट नहीं हुआ है। इस दरम्यान निगम में तीसरी पंचवर्षीय सरकार का गठन हो गया। अब गरीबों को इस सरकार से उम्मीद है। इस योजना के लिए सरकार से लगभग 14 करोड़ रूपये की स्वीकृति मिली है। एएचपी में 287 यूनिट मकान का निर्माण होना था। बहुमंजिला इमारत के लिए ठेकेदारों को अनुबंध के तहत कार्यादेश जारी किया गया था लेकिन ठेकेदार बीच में ही काम छोड़कर चला गया। अनुबंध निरस्त होने के बाद रीटेंडर निकाला गया तब से निर्माण कार्य रूका हुआ है।

निर्माण करने की अवधि डेढ़ साल थी लेकिन सालों में भी कम्पलीट नहीं हुआ। मजबूरी में रेलवे प्रभावित परिवार यहां रह रहे हैं। आवासों में खिड़की, दरवाजे, लेट, बाथ, फिनिसिंग का काम अधूरा है। बिजली कनेक्शन का काम नहीं हो पाया हैं। पेयजल की व्यवस्था के लिए कोई ठोस उपाय नहीं हैं इसलिए यहां पर अनाधिकृत रूप से रहने वाले परिवार मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। रहवासियों ने जल्दी आवंटन करने के साथ सभी सुविधाएं देने की मांग की है। ऐसे परिवारों की संख्या 100 से अधिक हैं। निर्माणाधीन तीनों ब्लाक में जी प्लस थ्री लेवल, जी प्लस टू लेवल तक बनाया जाना है। यहां रोड, नाली का अभाव है। सीढ़ी नहीं बनाई गई है। इसी तरह विंध्यवासिनी वार्ड में 401 यूनिट का एएचपी आवास बनाया जाना है। इसके लिए 18.50 करोड़ की स्वीकृति मिली है। दो साल में काम कम्पलीट करना था लेकिन 6 साल बाद भी निर्माण अधूरा है।

## विंध्यवासिनी शिक्षण समिति के प्रदीप अध्यक्ष बने



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि की समिति प्रबंधकारिणी श्री विंध्यवासिनी शिक्षण समिति के पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। पूर्व अध्यक्ष शिरोमणिराव घोरपड़े ने श्री विंध्यवासिनी शिक्षण समिति के कार्यकाल पूर्ण होने पर वर्तमान समिति को भंग करने की घोषणा की। निर्वाचन अधिकारी बिसम्भर प्रसाद चन्द्रा एवं सत्यप्रकाश मानिकपुरी को निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ करने का आग्रह किया। चुनाव प्रक्रिया में लक्ष्मणराव मगर प्रादेशिक सचिव सरस्वती शिक्षा संस्थान छग भी उपस्थित थे। अध्यक्ष प्रदीप शर्मा शिक्षाविद्, उपाध्यक्ष ऋषिकांत सिन्हा शिक्षाविद्, कोषाध्यक्ष महावीर श्रीमाल, सचिव डॉ. रवि शांडिल्य, सहसचिव ईशु नाग बनाए गए। प्रबंधकारिणी सदस्यों में श्रीमती शोभा दुबे व्याख्याता, श्रीमती प्राप्ति वाशानी समाजसेविका, एकता सिंह, भंवरलाल देवांगन, कृष्ण कुमार रणसिंह, पदेन सदस्य प्राचार्या श्रीमती खेमिन साहू, संरक्षक शिरोमणिराव घोरपड़े शामिल हैं।

## नियमितीकरण के लिए बस्तर से रायपुर तक पदयात्रा

- चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ ने प्रेसवार्ता में बताई अपनी पीड़ा, 15 को विस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्कूल, आश्रम, छात्रावास, शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी कल्याण संघ जगदलपुर के 195 सदस्यों ने नियमितीकरण, वेतन निर्धारण की मांग को लेकर जगदलपुर से रायपुर राजधानी तक पदयात्रा प्रारंभ की है। धमतरी पहुंचने पर संघ के पदाधिकारी प्रभुनाथ पाणिग्रही, रामनाथ कौशिक, गायत्री कश्यप, परमानंद मौर्य, दीप्ति तिवारी, सुभद्रा ठाकुर, हेमनाथ कश्यप ने प्रेस क्लब धमतरी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि नियमितीकरण व वेतन निर्धारण की मांग काफी पुरानी है। उन्हें संविदा में काम करते हुए 10 वर्ष बीत गए हैं। कुछ कर्मचारियों का नियमितीकरण कर दिया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी भर्ती 2014 में हुई थी।

नियमितीकरण के लिए 2019 से आंदोलन किया जा रहा है। फिर भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। 24 जून से पदयात्रा कोंडागांव से प्रारंभ की है। उनके साथ 195 कर्मचारी हैं। पदयात्रा करते हुए फरसगांव, केशकाल, कांकेर, चारामा होते हुए शुक्रवार को धमतरी पहुंचे। इसके बाद कुरूद, अभनपुर होते हुए 12 जुलाई को रायपुर पहुंचेंगे। मांगें पूरी नहीं होने पर 15 जुलाई को सुबह 10 बजे विधानसभा भवन का घेराव करेंगे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पूर्व 1 मई को जगदलपुर से रायपुर के लिए पदयात्रा प्रारंभ की थी। लेकिन विभाग के अधिकारियों ने संघ की मांगों को जल्द निराकरण करने का आश्वासन देकर पदयात्रा रोकने का आग्रह किया था। माह भर बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से पदयात्रा पुनः प्रारंभ की है। इस बार मांगें पूरी होने के बाद ही आंदोलन समाप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि विस घेराव के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर रायपुर राजधानी में ही अन्न जल त्यागकर आमरण अनशन प्रारंभ करेंगे।

## काम छूट जाने से परेशान महिला ने की आत्महत्या

- धान संग्रहण केन्द्र में मजदूरी करने जाती थी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

काम छूट जाने व कार्य नहीं मिलने से परेशान होकर महिला ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम भाठागांव निवासी द्रोपती बाई साहू पति पूरनलाल उम्र 39 वर्ष गांव के 35 लोगों के साथ धान संग्रहण केन्द्र में काम करने जाती थी। केन्द्र में दो-तीन दिन से काम बंद हो गया था।

इसी बीच किसी ने 20 लोगों को काम मिलने की जानकारी दी, जिसे सुन महिला गांव की इन्द्राणी साहू के साथ काम के सिलसिले में पड़ोसी दशरथ साहू के घर गई। वहां से वापस घर लौटने पर पति पूरनलाल ने पत्नी से कहा कि दूसरे के घर जाकर काम में ले जाने की बात क्यों कहती हो। जिसे मजदूर की जरूरत होगी, वह बुलायेगा। महिला दूसरे दिन भी काम की तलाश में गई थी। तब उसके बेटे ने उसे मना किया था। 1 जुलाई की रात्रि वह काम को लेकर बहुत टेंशन में थी लेकिन सुबह तक सामान्य हो गई थी। 2 जुलाई की सुबह पति पूरनलाल काम करने गोदाम चला गया। दोपहर में खाना खाने घर पहुंचा तो द्रोपती उल्टी कर रही थी। महिला को तत्काल उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत के चलते महिला को रिफर करने पर धमतरी के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया। गुरूवार की शाम महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## जिले में अब तक 170 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**धमतरी।** जिले में एक जून से अब तक 170.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 236.9 मि.मी. नगरी तहसील और सबसे कम 81.7 मि.मी. औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। इसी तरह धमतरी तहसील में 222.8 मि.मी., कुकरेल तहसील में 234 मि.मी., बेलरगांव तहसील में 184 मि.मी., भखारा तहसील में 134.4 मि.मी. और कुरूद तहसील में 97.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई।

जिले में आज की औसत वर्षा 15.3 मि.मी. दर्ज की गई है। इसमें धमतरी तहसील में 26.6 मि.मी., कुरूद तहसील में 4.6 मि.मी., मगरलोड में 8.6 मि.मी., नगरी में 3 मि.मी., भखारा में 2.4 मि.मी., कुकरेल तहसील में 56 मि.मी. और बेलरगांव तहसील में 6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।




## बाइक व साइकिल में टक्कर, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





सामान की खरीदी कर वापस घर लौट रहे युवकों की बाइक व साइकिल में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रीडीह-कुकरेल निवासी शिवचंद पिता दुखुराम उम्र 40 वर्ष शुक्रवार को गांव के भूपेन्द्र पिता मोहनलाल उम्र 30 वर्ष के साथ मोटरसाइकिल से सामान खरीदी करने धमतरी आया था। सामान खरीदने के बाद दोपहर में दोनों मोटरसाइकिल से नगरी रोड से होते हुए वापस अपने घर ग्राम पथर्रीडीह लौट रहे थे। इसी दौरान अछोटा पुल के आगे तेन्दूकोन्हा मोड़ के पास साइकिल सवार मुख्य मार्ग में आ रहा था तभी बाइक व साइकिल के बीच टक्कर हो गई। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। वहीं साइकिल सवार भी गिर गया। उसे मामूली चोट आई जिसे उसके परिजन अपने घर ले गए। वहां से गुजर रहे राहगीर ने घटना को देख रक्तदान एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान घटनास्थल पहुंचे और घायलों को एम्बुलेस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों को खिलाई मिठाई

**नगरी।** हाईस्कूल तुमड़ीबहार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था। मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित की कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का शाला में स्वागत कर पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। अनुशासित, स्वच्छता के प्रति जागरूक रहकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें।

## लाईवलीहुड कॉलेज में रोपे गए फलदार पौधे

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में पौधरोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में लाईवलीहुड कॉलेज में अधिकारी-कर्मचारियों सहित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा पौधरोपण किया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार पौधे आम, जामुन, चीकू, नारियल, कटहल, बादाम, अशोक, अमरूद आदि के 75 पौधों का रोपण किया गया। इसके साथ ही पौधों की रक्षा और देखभाल करने की जिम्मेदारी भी ली।







